# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–13 फरवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

वक्फ संशोधन विधेयक–दो हजार चौबीस पर संसद की संयुक्त समिति की रिपोर्ट आज लोकसभा और राज्यसभा में पेश की गई। इसे लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण आज लोकसभा को दोपहर दो बजे तक के लिए और राज्यसभा को थोड़ी देर के लिए स्थगित करना पड़ा। विपक्ष का आरोप है कि समिति की बैठकों में विपक्षी सदस्यों की असहमति की टिप्पणियों को **रिपोर्ट में शामिल नहीं** किया गया है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मूल रिपोर्ट और असहमति की टिप्पणियों का कोई भी हिस्सा हटाया नहीं गया है। लोकसभा में आज नया आयकर विधेयक दो हजार पचीस भी पेश किया गया।

**********

प्रयागराज **महाकुंभ में पवि**त्र त्रिवेणी संगम पर श्रद्धालुओं द्वारा आस्था की डुबकी लगाने का क्रम जारी है। अंतिम समाचार मिलने तक आज शाम चार बजे तक करीब उनहत्तर लाख बीस हजार श्रद्धालुओं और कल्पवासियों ने पवित्र स्नान कर लिया था। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई ने भी आज सपत्नीक स्नान किया। उनकी कैबिनेट और विधायकों ने भी महाकुंभ स्नान किया। उन्होंने कुम्भ मेले की भव्यता और ऐतिहासिकता की सराहना की।

**हमारे मंत्रिगण, सांसदगण, विधायकगण, हमारे संगठन के लोग, सभी लोग एक साथ आए हैं। और यहां पर पुण्य संगम में स्नान करके छत्तीसगढ की कामना की है। छत्तीसगढ़ में खुशहाली हो। छत्तीसगढ़ में शांती हो। बहुत अच्छी व्यवस्था है। हम इसके लिए यहां के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देंगे। इतना बड़ा बड़ा महाकुंभ। इतनी अच्छी व्यस्था। साफ सफाई। सब कुछ चाक चौबंद है।**

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रोफेसर डॉ माणिक साहा ने भी आज सपरिवार पवित्र संगम में स्नान किया। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि पवित्र जल, दिव्य उर्जा और आध्यात्मिक माहौल ने इस स्नान को अविस्मरणीय अनुभव बना दिया।

**********

महाकुम्भ संबंधी अफवाहों से बचाने के लिए प्रदेश पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***प्रदेश पुलिस ने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान सात ऐसे अकाउंट की पहचान की है जो कथित तौर पर एक पुराने वीडियो को महाकुंभ से जोड़कर फर्जी खबरें फैला रहे थे। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह वीडियो वर्ष 2021 में गाजीपुर का है जहां शहर में नदी किनारे शव मिले थे। इन अकाउंट्स पर प्रदेश सरकार और पुलिस की छवि धूमिल करने तथा समाज में विद्वेष फैलाने का आरोप है। इस संदर्भ में प्रयागराज के कोतवाली कुम्भ मेला थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस फर्जी वीडियो को लेकर स्पष्ट किया कि ये महाकुम्भ से संबंधित नहीं है । पुलिस ने जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और संदिग्ध पोस्ट की सूचना देने की अपील की है। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज***

**********

काशी तमिल संगमम के तीसरे चरण का मुख्य आयोजन वाराणसी के नमो घाट पर पंद्रह फरवरी को होगा। यह जानकारी वहां के जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने आज संवाददाताओं से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान वाराणसी हिंदू विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के विद्यार्थी भी हिस्सा लेंगे। चौबीस फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में करीब एक हजार दो सौ से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के खोराबार वार्ड में बने कल्याण मण्डपम का लोकापर्पण किया। इस मौके पर उन्होंने करीब एक सौ तीन करोड़ रुपये की एक सौ सोलह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इससे पहले उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री भारती तीर्थ महासन्निधानम के साथ श्रृंगेरी पीठ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट हवन किया।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश **में पिछले चौबीस घंटों के** भीतर हुई दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थानाक्षेत्र के मथौली कस्बे में एक तेज रफ्तार ऑटो आज सुबह सड़क पर खड़े गन्ना लदे ट्रक से पीछे टकरा गई । इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हैं। वहीं, जौनपुर जिले के बक्सा थाना क्षेत्र के मिर्जापुर हाईवे पर खड़ी ट्रेलर से यात्रियों से भरी एक मिनी बस की पीछे से बीती रात जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत गई, जबकि करीब एक दर्जन लोग घायल हैं।

**********

श्रीराममंदिर के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास जी महाराज को आज अयोध्या के सरयू नदी में जलसमाधि दे दी गई। इस मौके पर **बड़ी संख्या में साधु** संत और गणमान्य लोग मौजूद रहे। इससे पहले आज सुबह लोगों ने उनके पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किया और नगर के प्रमुख मार्गों से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। कल लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में उनका निधन हो गया था।

**********